भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3000
गुरुवार, 18 दिसंबर, 2025/27 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानों पर लेजर लाइट से संबंधित घटनाएं

3000. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.:
श्री मुरसोली एस.:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पाँच वर्षों के दौरान विमानपत्तनों पर सूचित की गई उन घटनाओं का विमानपत्तन-वार ब्यौरा और सूची क्या है जहाँ विमानों पर लेजर लाइट्स निर्देशित की गई थीं;

(ख) क्या सरकार ने ऐसी लेजर लाइट्स के स्रोत की पहचान करने और घटना पश्चात अधिसूचना हेतु कोई मानक संचालन प्रक्रियाएँ (एसओपी) तैयार की हैं; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): हवाईअड्डों पर रिपोर्ट की गई लेजर संबंधी घटनाओं की सूची अनुलग्नक-क के रूप में संलग्न है।

(ख) और (ग): वायुयान नियम, 1937 का नियम 66 हवाईअड्डों के आसपास के क्षेत्र में लेजर लाइट सहित कृत्रिम रोशनी के प्रदर्शन को नियंत्रित करता है, जहां ऐसी रोशनी विमान की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है या नेविगेशन के लिए दृश्य सहायता में हस्तक्षेप कर सकती है। इसके अलावा, डीजीसीए नागर विमानन अपेक्षाएं खंड-4, श्रृंखला-बी, भाग-I के पैरा 5.3.1.2 में हवाईअड्डों के आसपास लेजर उत्सर्जकों के खतरनाक प्रभावों के प्रति विमान परिचालन की रक्षा के लिए अपेक्षाओं को निर्धारित किया गया है, जिसमें लेजर उत्सर्जन से उत्पन्न जोखिमों को कम करने के लिए संरक्षित क्षेत्रों की स्थापना भी शामिल है।
इसके अलावा, हवाईअड्डों के आसपास लेजर उत्सर्जन की गतिविधि को नियंत्रित करने के लिए संबंधित हवाईअड्डे के हवाईअड्डा मैनुअल में मानक परिचालन प्रक्रियाओं को परिभाषित किया गया है।

अनुलग्नक-क

हवाईअड्डों पर रिपोर्ट की गई लेजर संबंधी घटनाओं का विवरण

क्रम. सं.	**हवाईअड्डा/ घटना का स्थल**	**वर्ष-वार लेजर हस्तक्षेप की घटनाएं**				
		2021	2022	2023	2024	2025
1.	अहमदाबाद	0	0	0	10	17
2.	बेंगलुरु	0	0	0	10	1
3.	चेन्नई	0	0	0	67	54

4.	दिल्ली	0	0	2	113	105
5.	हैदराबाद	0	0	0	63	41
6.	जयपुर	0	3	6	40	56
7.	कोलकाता	0	0	0	72	44
8.	लखनऊ	0	0	6	23	26
9.	मैसूर	0	0	0	3	2
10.	तिरुवनंतपुरम	0	0	0	15	7
11.	वडोदरा	0	0	0	1	2
12.	वाराणसी	0	0	0	9	10
13.	औरंगाबाद	0	0	0	2	2
14.	मुंबई	0	0	0	18	33
15.	भोपाल	0	0	0	8	16
16.	नागपुर	0	0	0	1	2
17.	सूरत	0	0	0	6	4
18.	अगरतला	0	0	0	8	17
19.	भुवनेश्वर	0	0	1	1	1
20.	कोलकाता एफआईआर	0	0	0	5	8
21.	पटना	0	0	0	9	11
22.	नैनी-सैनी हवाईअड्डा, पिथौरागढ़	0	0	0	5	0
23.	विशाखापत्तनम	0	0	0	4	0
24.	कोयंबटूर	0	0	0	8	8
25.	कोचीन	0	0	0	4	11
26.	कालीकट	0	0	0	14	8
27.	मदुरै	0	0	0	6	4
28.	राजमुंदरी	0	0	0	1	3
29.	तिरुचिरापल्ली	0	0	0	5	2
30.	तिरुपति	0	0	0	2	3
31.	देहरादून	0	0	1	0	0
32.	अमृतसर	0	0	0	0	1
33.	गुवाहाटी	0	0	0	6	1
34.	इंदौर	0	0	0	0	1
35.	उदयपुर	0	0	0	0	1
36.	दुर्गापुर	0	0	0	0	1
37.	इम्फाल	0	0	0	0	1
38.	झारसुगुडा	0	0	0	0	1

39.	लखनऊ एएफएस	0	0	0	0	8
40.	विजयवाड़ा	0	0	0	0	5
41.	कलबुरगि	0	0	0	0	3
42.	कन्नूर	0	0	0	0	2
43.	मंगलौर	0	0	0	9	11
	कुल	**0**	**3**	**16**	**548**	**534**

*****